प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश भर में आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सौंवी जयंती : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल।
2. रक्षा मंत्री ने कहा– अटल जी ने सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आजीवन किया काम।
3. उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वातानुकूलित बसों के किराये में बीस प्रतिशत छूट का ऐलान : आज से फरवरी–2025 तक मिलेगा इसका लाभ। और
4. धूमधाम से मनाया जा रहा है आज क्रिसमस का पर्व : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।

———————

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौंवी जयंती आज प्रदेशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर लखनऊ के लोक भवन में आयोजित समारोह में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वर्गीय अटल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री ने सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत

काव्य पाठ, निबंध लेखन और वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि अटल जी ने सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आजीवन काम किया। भारत की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान की जितनी भी सराहना की जाये कम है। बाइट.....

*स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के जी के प्रति हृदय से श्रद्धा की अभिव्यक्ति करता हूँ श्रद्धांजलि सामान्य से बोला जाता है लेकिन मैं श्रद्धा की अभिव्यक्ति करता हूँ और आज उनके जन्मदिवस को जैसा मैंने बतलाया की सुशासन दिवस के रूप में सारे देश में मनाया जा रहा है। सुशासन का अर्थ ये होता है की हर व्यक्ति के अंदर एक अनुकूल संवेदना हो पैदा हो गवर्नेंस के कारण अनुकूल संवेदना क्या माने अपने को भयमुक्त महसूस करे उसके जीवन की न्यूनतम आवश्यकताएं पूरी हो सके और जो कुछ भी करना चाहता है उसे करने का उसे अवसर प्राप्त हो यही ना सुशासन है।*

समारोह में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिये जो नींव अटल जी ने रखी थी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उस पर नये भारत का निर्माण हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने आज स्वतंत्रता सेनानी महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर और क्रिसमस की बधाई दी। बाइट.....

*आज हम सब और पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी महोत्सव का साक्षी बन रहा है। आज की तिथि अत्यंत महत्वपूर्ण तिथि है। आज पावन क्रिसमस का दिन भी है और साथ ही आज महान शिक्षाविद् महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी। पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पावन जयंती भी है। मैं इस अवसर पर आप सभी को इन दोनों महापुरुषों का सदय अटल जी सदे पंडित मदन मोहन मालवीय जी की स्मृतियों को नमन करते हुए क्रिसमस की बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं देता हूँ।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित किये गये सुशासन सप्ताह के दौरान हर जनपद में बच्चों के लिये प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सुशासन सप्ताह के आयोजन में शासन के विभिन्न विभागों ने भी भागीदारी की। इस दौरान लोक शिकायतों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा।

बाइट.....

*सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शासन के जो विभिन्न विभाग उसमें भागीदार बने थे। उसमें दो लाख उनसठ हजार से अधिक लोग शिकायतें थी, उनका निस्तारण अकेले उत्तर प्रदेश में हुआ जो देश के अंदर नंबर एक पर रहा है। सभी देश के अन्दर उत्तर प्रदेश इस अवसर पर सोलह हजार  दो सौ तेईस कार्यशालाओं का आयोजन अकेले उत्तर प्रदेश ने किया है। कार्यशालाओं का आयोजन अकेले उत्तर प्रदेश ने किया है।*

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में अटल जी के जीवन पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। एक अन्य कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने गोमती तट स्थित कुड़िया घाट पर स्थापित की गई अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया। सुशासन दिवस पर प्रदेश भर में समारोह आयोजित कर अटल जी को याद किया गया।

आगरा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पैतृक स्थली बटेश्वर में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि मेला और प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में

सुशासन विषय पर निबंध, लेखन, काव्य पाठ और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जौनपुर में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि भारत ने विकास और सुशासन के जो नये प्रतिमान स्थापित किये है, उसकी आधारशिला अटल जी ने अपने शासनकाल में ही रख दी थी। महराजगंज में भाजपा कार्यालय में अटल जी की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अटल जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया।

—————————

समता मूलक समाज के निर्माता पंडित मदन मोहन मालवीय जी की भी आज जयंती है। मालवीय ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना कर आधुनिक शिक्षा पद्धति से युवाओं के चरित्र निर्माण की आधार शिला रखी थी। मालवीय जी की जयन्ती पर वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में आज तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी की शुरूआत की गई।

—————————

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री  अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में प्रदेश  सरकार ने 25

दिसंबर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वातानुकूलित शताब्दी बसों के किराए में 20 फीसदी की कमी करने का निर्णय लिया है। यह छूट फरवरी–2025 तक प्रभावी रहेगी।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रयागराज महाकुम्भ में इस बार पहली बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अंडर वॉटर ड्रोन तैनात किया गया है। जो 24 घंटे पानी के भीतर हर गतिविधियों की निगरानी करने में सक्षम है। यह अंडर वॉटर ड्रोन अंधेरे में भी लक्ष्य पर सटीक नजर रखने में कारगर हथियार साबित होगा।यह पानी के नीचे 100 मीटर गहराई तक टोह लेने में सक्षम है

———————

एक जनवरी से वाहनों की प्रदूषण जांच महंगी हो जायेगी। सभी तरह के वाहनों की प्रदूषण जांच के शुल्क में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जा रही है। नई दरों का

आदेश अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी की ओर से जारी कर दिया गया है। यह आदेश एक जनवरी 2025 से लागू हो जायेगा।

——————————

ईसा मसीह का जन्म दिन क्रिसमस का पर्व आज देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गिरजाघरों में भव्य सजावट की गई है और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रभु ईशु के जन्मोत्सव के साथ कल आधी रात के बाद से ही गिरिजा घरों में विशेष प्रार्थनाओं का दौर जारी है। क्रिसमस पर्व पर लोगों ने अपने घरों को क्रिसमस ट्री और रंग बिरंगी लाइटों से सजाया है। आज के दिन ईसाई समुदाय के लोग घरों में केक काट कर एक–दूसरे को उपहार देकर खुशियां मनाते हैं। लखनऊ के हजरतगंज और लालबाग स्थित गिरिजा घर में सजाई गई प्रभु ईशु के जन्म से जुड़ी झांकियाें को देखने के लिये लोगों का तांता लगा हुआ है। क्रिसमस पर्व के चलते लखनऊ में कई मार्गो पर यातायात परिवर्तित किया गया है। प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिसमस पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि क्रिसमस केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व जरूरतमंदों की मदद करने तथा मिलजुलकर खुशियां बांटने का संदेश देता है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के खजुराहों में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली देश की पहली

**बहुउद्देश्यीय परियोजना की आधारशिला रखी। इसस प्रदेश के बुन्देलखंड के सूखा प्रभावित महोबा, झांसी और ललितपुर सहित आसपास के जिलों के लोगों को फायदा होगा। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*अब तक नदियों से वंचित महोबा जिले को इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। योजना के तहत केन–बेतवा मुख्य नहर से दो अलग–अलग चैनल बनाए जाएंगे, जिनके माध्यम से महोबा जिले के विभिन्न जलाशयों तक पानी पहुंचाया जाएगा। पहला चौनल उर्मिल बांध और सलारपुर बांध के जरिए मदन सागर, कीरत सागर, बीजानगर तालाब और दिसरपुरा तक पानी पहुंचाएगा।वहीं दूसरा चैनल मझगांव डैम के माध्यम से बेलासागर, कुलपहाड़, कमालपुरा और रैपुरा तालाब को जल उपलब्ध कराएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस परियोजना से न केवल सिंचाई क्षेत्र में सुधार होगा, बल्कि पीने के पानी की समस्या भी दूर होगी। तारा पाटकार ने कहा कि केन–बेतवा लिंक परियोजना न केवल बुंदेलखंड को जल संकट से राहत देगी, बल्कि इस क्षेत्र की कृषि और आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

**(समाप्त)**